प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल से पश्चिम बंगाल और झारखंड के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की नामांकन सभा में भाग लेंगे और प्रबुद्धजन सम्मेलनों में मारवाड़ियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री कल सुबह कोलकत्ता के लिए रवाना होंगे, जहां वे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो करेंगे। उसके बाद वे मारवाड़ी समाज से जुड़े उद्योगपतियों के सम्मेलन में शिरकत करेंगे। अगले दिन वे कोलकता से झारखंड के लिए रवाना होंगे, जहां वे ढुलू महतो के लिये वोट मांगेंगे।

0000

राज्यपाल कलराज मिश्र कल बीकानेर दौरे पर रहेंगे। श्री मिश्र तकनीकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। राज्यपाल के दौरे की तैयारी को लेकर कल जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने इसके बाद पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम और अन्य अधिकारियों के साथ राज्यपाल के प्रस्तावित रूट तथा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। राज्यपाल कल सुबह सवा ग्यारह बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से वे सर्किट हाउस जाएंगे और उसके बाद दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।

0000

पिंडवाड़ा आबू विधायक समाराम गरासिया के सीने में दर्द होने के कारण कल उन्हें सिरोही जिले के आबूरोड के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक जांच के पश्चात विधायक के हार्ट अटेक की पुष्टि की गई है, जिसके पश्चात श्री गरासिया की एंजीयोप्लास्टी कर स्टंट डाला गया। चिकित्सकों ने विधायक के स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार बताया है।

0000

महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बाल विवाह प्रतिषेध कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तूंगा ब्लॉक की ग्राम साथिनों को अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बस्सी और तूंगा ब्लॉक के लिये बाल विवाह रोकथाम टास्क फोर्स का गठन भी किया गया। विभाग की ओर से बाल विवाह की रोकथाम के लिए कन्ट्रोल रूम नम्बर 01429–226230 जारी किया गया है।

0000

झुंझुनु जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव न्यूयॉर्क में पंचायत स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों पर अपने अनुभव साझा करेंगी। वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग–सीडीपी की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन "सीपीडी मीट–2024" में भाग लेंगी।

3 मई को होने वाले सम्मेलन में वे चुने हुये जनप्रतिनिधियों के "नेतृत्व अनुभव" विषय पर अपने विचार साझा करेंगी। नीरू यादव के साथ आंध्रप्रदेश की ग्राम पंचायत पिकेरु की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता भी न्यूयॉर्क में विचार साझा करेंगी।

0000

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर गर्मी का असर देखा जा रहा है। राज्य के ज्यादातर स्थानों पर तपिश और धूप के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं आज प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र के ऊपर बने एक परिसंचरण तंत्र के कारण बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए है। मौसम विभाग के अनुसार इस तंत्र के कारण इन ईलाकों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

राज्य के शेष अधिकांश भागों में आगामी 4–5 दिन मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहेगा। कल और परसो बीकानेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में तेज हवाएं चलने तथा तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। भरतपुर में भी मौसम लगातार करवट बदल रहा है। सुबह आसमान में बादल छाये रहने के बाद दोपहर में तेज गर्मी का असर शुरू हो गया है। गर्म हवाओं ने तापमान में भी बढोतरी कर दी है।

0000

सिरोही जिला पुलिस ने गुजरात एटीएस और जोधपुर एनसीबी के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए जिले की शिवगंज तहसील के लोटीवाडा बड़ागांव में दबिश देकर 12 किलो मेथ ड्रग्स–एमडी जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। सिरोही के पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया पुलिस ने एक खेत से मेथ ड्रग्स बनाने की अवैध फैक्ट्री पर दबिश देकर 12 किलो तैयार एमडी जप्त की है।

0000

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जैसलमेर जिले में कुल 36 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सोलर प्लांट लगाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है। डिस्कॉम के अलावा ऊर्जा मंत्रालय से अनुबंध के तहत डाकघर को भी जिले में 25 हजार 140 रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य मिला है।

0000